हमारे बारे में

जब आपका बच्चा किसी को बताता है कि उसे किसी दूसरे व्यक्ति द्वारा यौन रूप से उत्पीड़ित किया जा रहा है, शायद किसी ऐसे व्यक्ति के द्वारा जिस पर आप भरोसा करते थे तो आप शायद विभिन्न प्रकार की भावनाएं अनुभव करें| आप शायद अपने आप को बहुत ही अकेली परिस्थिति में पाएं, जहां आपको अपने उत्पीडित बच्चे को उसके जीवन में हुए परिवर्तन का सामना करने एवं हानि, ग्लानि, गुस्सा एवं चिंता जैसी भावनाओं के साथ जूझने के लिए मदद करनी पड़े एवं साथ ही उनकी दैनन्दिन जरूरतों को भी पूरा करना पडे|

जब 'राज की बात' बाहर निकल आए तो चाहे उसकी जितनी भी आयु हो, आपके बच्चे में ऐसी बहुत सारी भावनाएं उत्पन्न होंगी जिनको समझना एवं जिनका सामना करना प्रायः उनके लिए कठिन हो सकता है| उनके साथ जो हुआ, उसके लिए शायद वे अपने आप को जिम्मेदार मानें एवं/अथवा शायद उस बात के लिए उनको गुस्सा भी आए| आगे क्या होगा, उसके बारे में शायद उनको डर लगे एवं आपको और परिवार को दुखी करने के बारे में शायद वे ग्लानि का अनुभव करें|

हमारा यह लक्ष्य है कि उस अभिघातज अभिज्ञता से उभरने के लिए एवं उत्पीडन के खुलासे के दौरान बच्चे को सुरक्षित एवं आरक्षित अनुभव करवाने के लिए हम माता-पिता एवं देखभालकर्मियों की सहायता करें|

हमें पता है कि, पृष्ठभूमि पर गौर न करते हुए यौन उत्पीडन किसी के साथ भी हो सकता है एवं विभिन्न पृष्ठभूमियों एवं संस्कृतियों से आने वाले ग्राहकों की सहायता करने के लिए मोसैक यहाँ उपस्थित है|

जिन ग्राहकों की प्रथम भाषा अंग्रेजी नहीं है उनके लिए दुभाषिए उपलब्ध हैं|

ग्राहकों की प्रतिक्रिया

“मोसैक ने मेरी बहुत मदद की| जब परेशानी से मेरा दिमाग खराब हो रहा था तो उन्होंने मेरे जीवन को बचाया| मोसैक से बात करने पर मुझे सही कार्य करने के लिए शक्ति मिली| ”

“आपकी मदद के लिए धन्यवाद| हमें अभी और भी बहुत कुछ करना है लेकिन यह जानना अच्छा लगता है कि जरूरत के समय फोन के दूसरी ओर कोई स्नेहशील सुनने वाला है|”

“जिस व्यक्ति ने मेरा कॉल लिया वह धैर्यवान, नम्र और मैत्रिपूर्ण था| ”

“मेरी बहुत सहायता की, मैं बहुत ही हताश था एवं मुझे पता नहीं था कि मैं किस प्रकार अपने परिवार की सहायता करूं| मुझे भेजी गई जानकारी भी बहुत सहायक थी|”

“इतने स्नेही, स्वागत करने वाले एवं स्वीकार करने वाले, जब निराशाजनक परिस्थिति में मुझे जरूरत थी तो उन्होंने मेरे जीवन को बचाया|”

“मोसैक से मुझे जो उत्तर मिला वह बहुत ही अच्छा, सहायक था एवं जिस व्यक्ति से मैंने बात करी उसे मेरे कल्याण के बारे में सच्ची चिंता थी| ”

LONDON COUNCILS
LOTTERY FUNDED
Greenwich Council
theguardian Charity Awards 2006
KELLY FAMILY CHARITABLE TRUST
strengthening family ties

Mosac

supporting non-abusing parents & carers of sexually abused children

मोसैक

गोपनीय मुफ्त हेल्पलाइन

800 980 1958

020 8293 9990

www.mosac.org.uk

पंजीकृत चैरिटी संख्या: 1047596
कंपनी संख्या: 6798854

राष्ट्रीय गोपनीय हेल्पलाइन – यहां के कर्मचारी, प्रशिक्षित महिला स्वेच्छाकर्मीयों हैं जो सभी उत्पीडन न करने वाले माता-पिता एवं देखभालकर्मियों को एवं अन्य एजंसियों और संस्थाओं को जानकारी प्रदान करते हैं| आप शायद केवल बात करना चाहें; हम सुनेंगे| आपको शायद संसाधनों के बारे में जानकारी चाहिए: हम जितनी अच्छी तरह से कर सकें उतनी अच्छी तरह से मदद करेंगे| हमारी सेवाओं के बारे में अधिक जानने के लिए हेल्पलाइन को कॉल करें| जो ग्राहक अंग्रेजी नहीं बोलते वे भी हमारे हेल्पलाइन तक पहुंच सकते हैं क्योकि हमारे पास लेंगुएज लाइन से 170 से अधिक भाषाओं में अनुवादक की सेवा उपलब्ध है| हम गोपनीयता प्रदान करते हैं सिवाय तब जब बच्चे की सुरक्षा के बारे में गंभीर चिंताएं हों|

परामर्श के सत्र – एक सामान्य परामर्श एवं जानकारी सेवा,(पूरे लन्दन निवासियों के लिये)| किसी भी पूर्वनियोजित सत्र में आएं या नियोजित भेंट के लिए एक समय तय करें| अधिक जानकारी के लिए हमारी हेल्पलाइन को कॉल करें|

वकालत संबंधी आउटरीच सेवा – यह सेवा पूरे लन्दन में उपलब्ध है| आउटरीच सलाहकार स्वयंसेवियों का यह लक्ष्य होगा कि वे उत्पीडिन न करने वाले माता-पिता /देखभालकर्मियों को अपनी बात सुनाने के लिए, अपने अधिकारों एवं विकल्पों के बारे में सोचने के लिए, निर्णय लेने के लिए, सेवाओं तक पहुंचने के लिए सशक्त बनाए एवं उनको प्रोत्साहित करें, सामाजिक सेवाएं, कोर्ट, आवासन कार्यालय एवं पुलिस आदि जैसी बाहरी एजंसियों के साथ बात करने के लिए उनको जानकारी एवं सहायता प्रदान करें| वे शायद उत्पीडन न करने वाले माता-पिता/देखभालकर्मियों के साथ उपयुक्त बैठक एवं मामले से संबंधित विचार-विमर्श करने की सभाओं में भी जाएं|

मित्र बनाने वाली आउटरीच सेवा – पूरे लन्दन में सेवा उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध एक सेवा जो उन्हें मित्रवत स्वयंसेवियों के साथ मिलाता है| सब के पास ऐसी सहायता नहीं होती जिस पर वे कठिन समय या जीवन को बदल देने वाली घटना से उभरने के लिए निर्भर कर सकें| एक सकारात्मक रिश्ता प्रदान करके, उसे विकसित कर के एवं उसे बढावा दे कर एक मित्रवत आउटरीच स्वयंसेवी इस कमी को पूरा कर सकता है–विश्वास बढ़ा कर, आत्म विश्वास बढा कर, सामाजिक अकेलेपन से जूझ कर, एवं ग्राहक के जीवन की गुणवत्ता को बढा कर|

आत्मविश्वास बढाने एवं परवरिश संबंधी वर्कशॉप –पूरे लन्दन में उपलब्ध इस सेवा में विभिन्न प्रकार का प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है|माता-पिता को उनके बच्चों को सुरक्षित रखने, बच्चे के ठीक होने की प्रक्रिया में सहायता करने व आत्मविश्वास/परवरिश के कौशल को बढ़ाने के लिए आलोचना के विषय सहायता करते हैं, उदाहरण, देखरेख के प्रभाव को संभालना, कामुकीकरण/यौन खतरे को संभालना, बर्ताव संभालना, सीमाएं स्थापित/कायम रखना एवं माता-पिता-बच्चे के बीच के रिश्ते को पुनःस्थापित करना, सकारात्मक परवरिश आदि| हम आपके लिए विशिष्ट रूप से तैयार किया गया प्रशिक्षण एवं सचेतन रहने के सत्र भी प्रदान करते हैं|

परामर्श सेवा – साप्ताहिक रूप से एक के साथ एक परामर्श आयोजित किया जाता है जो आपको बात करने के लिए एवं आपकी बात सुनने के लिए जगह प्रदान करता है, अपनी अभिज्ञताओं के बारे में सोचना एवं अपने भविष्य को अधिक अच्छा बनाने के लिए अपने विकल्पों और निर्णयों को चुनना| प्रशिक्षित स्वयंसेवी परामर्शदाताओं द्वारा परामर्श प्रदान किया जाता है| ग्राहक मूल्यांकन एवं फीडबैक यह दिखाता है कि मोसैक में परामर्श सेवा की बहुत अधिक आवश्यकता है|

बच्चे पर केन्द्रित खेल आधारित चिकित्सा – (ग्रेनिच, लैम्बेथ, लूइशैम, न्यूहैम एवं साउथआर्क के निवासियों के लिए) – हमारे पास एक छोटा सा बजट है जिसके द्वारा हम उन बच्चों को खेल आधारित चिकित्सा प्रदान कर सकते हैं, जिनके माता-पिता की हम सहायता कर रहे हैं| खेल पर आधारित चिकित्सा एक पूर्णतावादी पद्धति है जिसमें, बच्चे के पूरे अतीत, वर्तमान एवं आने वाले समय को ध्यान में रख कर, सचेत एवं अचेत दोनों अवस्थाओं में शारीरिक, आध्यात्मिक, भावनात्मक एवं संज्ञानात्मक पहलुओं की 'सहायता' करने के लिए खेल एवं कला को एक माध्यम के रूप में प्रयोग किया जाता है|

जानकारी – हमारी जानकारी सेवा में विभिन्न प्रकार की किताबें, वीडियो, औडियो टेप एवं रेफरल की आवश्यकता होने पर अन्य एजंसियों एवं सेवाओं का राष्ट्रीय आंकडा आधार (डेटाबेस) शामिल है| यह उन परिवारों एवं उन परिवारों के साथ काम करने वाली एजंसियों के लिए सहायक है जो बच्चों पर किए गए यौन उत्पीडन से प्रभावित हैं| देखभालकर्मियों एवं बच्चों के लिए हमारे पास बहुत सारे विभिन्न प्रकार के सूचना पत्र हैं| हमारी कविताओं की पुस्तिका बढ़ रही है एवं हम हमारे ग्राहकों से आने वाले योगदान का स्वागत करते हैं|

सेवा के प्रयोक्ता पर केन्द्रित समूह – उन सेवा के उपयोगकर्ताओं के लिए त्रैमासिक सुसाध्य बैठकें जो हमारी किसी भी सेवा का एक अंश रहे हैं, जिसमें आप अपने दृष्टिकोण, विचार एवं प्रयोजनों को व्यक्त कर सकते हैं|आएं एवं मोसैक के साथ आपकी अनुभव के बारे में सबको बताएं|

सहायता के समूह – सहायता के समूह, समूह के सदस्यों को एक आवश्यक स्थान प्रदान करते हैं जहाँ वे एक गैर-आलोचनात्मक और सम्मानपूर्ण परिवेश में अपनी अनुभवों को बांट सकते हैं, सहायता प्राप्त कर सकते हैं एवं एक दूसरे से शक्ति प्राप्त कर सकते हैं| सामूहिक कार्य, अकेलेपन को दूर करने में मदद करता है चूंकि समूह के सदस्य एक सुरक्षित स्थान में उन भावनाओं, अनुभवों और प्रक्रियाओं को पहचान सकते हैं एवं उसे समझ सकते हैं|

यह जानकारी बंगाली, गुजराती, पंजाबी,हिन्दी, सोमाली एवं उर्दू में उपलब्ध है| अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारे हेल्पलाइन को कॉल करें|